तापमान
अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 32 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 25 मई 2026

11 15 जून तक शुभ कार्यों पर लगा ब्रेक, अधिक मास शुरु



12 हरी सब्जियों के दाम घटे, मिली राहत





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
25 मई 2026
कूपन नं.
1

# 80 किलोमीटर दूर मेडिकल कॉलेजों पर निर्भर धमतरी के छात्र

हरिभूमि टीम ⏭धमतरी

पर्याप्त संसाधन होने के बाद भी धमतरी को मेडिकल कॉलेज की सौगात नहीं मिल पाई है। जनप्रतिनिधियों में ठोस इच्छाशक्ति की कमी कहे या उनकी उदासीनता। हर बार मांग तो होती है, लेकिन इस मांग को पूरा करने की जिम्मेदारी कोई नहीं उठा रहा है।


अलग खबर

जिला बनने के बाद भी धमतरी में मेडिकल सुविधाओं का विस्तार अपेक्षाकृत नहीं हुआ है।

## हरिभूमि सरोकार : समकक्ष जिलों में खुल गया मेडिकल कालेज, धमतरी उपेक्षित

### आसान नहीं डॉक्टर बनने की राह

छात्र नीट की परीक्षा के बाद मेडिकल की पढ़ाई करते हैं। धमतरी में मेडिकल कॉलेज नहीं होने के कारण उन्हें बाहर के कॉलेजों में एडमिशन लेना पड़ता है। आसपास रायपुर, कांकेर, बिलासपुर, जगदलपुर, महासमुंद में मेडिकल कॉलेज है। इन कॉलेजों की दूरी कम से कम 80 किमी है। कुछ कॉलेज तो 200 किमी दूर है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के छात्रों के लिए इन जिलों में रहकर पढ़ाई करना आसान नहीं है। कई परिवार तो कर्ज लेकर अपने बच्चों को पढ़ाते हैं। ज्यादा खर्च उनके रहने-खाने में ही होता है।




### दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत

धमतरी में दिग्गज जनप्रतिनिधियों की कमी नहीं है। भाजपा के पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इंदर चोपड़ा, रंजना साहू सहित भाजपा में कई जनप्रतिनिधि हैं। कांग्रेस के गुरुमुख सिंह होरा, रामगोपाल अग्रवाल, नीलम चंद्राकर सहित कई जनप्रतिनिधि हैं, जिनकी पकड़ रायपुर और उससे उपर तक है। हर बार ये जनप्रतिनिधि मेडिकल कॉलेज के लिए प्रयास करने का आश्वासन देते हैं। उनके प्रयास में कुछ तो कमी होगी, जो संसाधन होने के बाद भी धमतरी जिले को मेडिकल कॉलेज की सौगात नहीं मिल पाई है।

धमतरी के साथ या बाद में कांकेर, महासमुंद, कबीरधाम, दंतेवाड़ा, कोरबा सहित कई जिले बने। इनमें से कई जिलों में धमतरी के बराबर भी संसाधन नहीं हैं, फिर भी इन जिलों में मेडिकल कॉलेज खुल चुके हैं। कुछ जिलों में मेडिकल कॉलेज की घोषणा के बाद स्थापना की तैयारी जोर -शोर से चल रही है। कांकेर, कोरबा, महासमुंद में जहां मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, वहीं मनेंद्रगढ़, कोरबा, जांजगीर -चांपा, दंतेवाड़ा, जशपुर में मेडिकल कॉलेज की घोषणा हो चुकी है। केवल धमतरी जिला ऐसा है, जो मेडिकल कॉलेज के लिए सालों से तरस रहा है।

## खबर संक्षेप

### आज से नौतपा प्रारंभ

**धमतरी।** भीषण गर्मी के 9 दिन नौतपा आज से शुरु हो गया है। डाक्टरों ने इस नौ दिनों में सेहत का खास ख्याल रखने की सलाह दी है। रविवार को शहर का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। सोमवार से नौतपा प्रारंभ होगा। इस दौरान तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। पं.राजकुमार शर्मा ने बताया कि नौतपा 25 मई से 2 जून तक रहेगा। इस दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है जिससे मध्यभारत में चिलचिलाती धूप और प्रचंड लू चलती है। डाक्टरों ने नौ दिन तक सेहत पर ख्याल रखने की सलाह दी है। हल्का एवं सात्विक भोजन कराने, डीहाईड्रेशन से बचने पर्याप्त मात्रा में पानी, दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलने कहा गया है।

### डीएपी, यूरिया की जिले में जमकर कालाबाजारी : तारिणी

**धमतरी।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने बयान जारी कर कहा कि वर्तमान में किसानों को खेती के लिए खाद की सख्त जरूरत है। जबकि फार्मर आईडी और पीओएस मशीन जैसे नियमों की अनिवार्यता एवं खाद की कमी के कारण किसानो को सोसाइटियों से खाद नही मिल पा रही है। इस स्थिति का फायदा उठाकर निजी दुकानदार और बिचौलिए यूरिया, डीएपी और अन्य खादों की भारी कालाबाजारी कर रहे हैं। किसानों से डीएपी का तय सरकारी रेट 1350 के बजाय 2000 और यूरिया का 265 से बढ़ाकर 500 रुपये प्रति बोरी वसूले जा रहे हैं। प्रशासन का इसमें किसी भी प्रकार से कोई लगाम नही है। बिचौलियों और कलाबाजारियों को सत्ता का खुला संरक्षण प्राप्त है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान संकट में है। आगे कहा कि यदि आगामी दिनों के भीतर कालाबाजारी पर पूर्ण अंकुश नहीं लगाया गया और निजी दुकानों पर एमआरपी पर खाद की बिक्री सुनिश्चित नहीं हुई, तो जिला कांग्रेस कमेटी किसानों के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करेगी और उग्र चक्काजाम आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



## पराली, गोबर और कचरे से तैयार होगी बायोगैस

# बलियारा में 150 करोड़ से स्थापित होगा सीबीजी प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के बलियारा क्षेत्र में जल्द ही लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य कृषि अवशेष, गोबर और शहरी कचरे से स्वच्छ ईंधन का उत्पादन करना है। इस पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि किसानों को अतिरिक्त आय का साधन भी मिलेगा।

इस सीबीजी प्लांट में तैयार गैस को शुद्ध कर सिलेंडरों में भरा जाएगा, जिसका उपयोग वाहनों और औद्योगिक इकाइयों में ईंधन के रूप में किया जा सकेगा। यह गैस कार, बस और ट्रकों में सीधे तौर पर इस्तेमाल हो सकेगी। साथ ही टेक्सटाइल, सीमेंट और अन्य उद्योगों में कोयला और फर्नेस ऑयल के विकल्प के रूप में भी यह स्वच्छ ऊर्जा काम आएगी, जिससे प्रदूषण में कमी आएगी।



### स्थानीय अर्थव्यवस्था और किसानों को होगा लाभ

धमतरी को धान का कटोरा कहा जाता है, जहां बड़ी मात्रा में पैरा और कृषि अवशेष उपलब्ध रहते हैं। प्लांट की स्थापना से किसानों को पराली बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में धमतरी को एक महत्वपूर्ण पहचान दिलाएगी।

### तैयार हुआ पूरा खाका

परियोजना को लेकर हाल ही में इंडियन ऑयल और ऑयल इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपलब्ध जैविक संसाधनों, परिवहन व्यवस्था और तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। ऑयल ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और महाप्रबंधक ने जिले में संसाधनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर सहयोग देने का आश्वासन दिया है।



# धमतरी एसपी ने मजबूत पुलिसिंग पर किया फोकस

- राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए एसपी सूरज सिंह परिहार ने जिले के राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, बेसिक पुलिसिंग, लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं जनविश्वास आधारित पुलिसिंग को लेकर चर्चा की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वाहनों एवं ईंधन की मितव्ययता को ध्यान में रखते हुए सभी थाना प्रभारियों को न बुलाकर केवल राजपत्रित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिससे प्रशासनिक कार्यों में दक्षता एवं संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। बैठक के दौरान खात्मा प्रकरणों, लंबित अपराध एवं मर्ग प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, बीट प्रणाली की प्रभावशीलता, साइबर अपराधों पर त्वरित कार्यवाही, यातायात व्यवस्था, सामुदायिक पुलिसिंग, सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं विभागीय अनुशासन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की गई। बैठक में शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अभिषेक चतुर्वेदी नगर पुलिस अधीक्षक ,श्रीमती रागिनी मिश्रा एसडीओपी कुरूद, सुश्री मोनिका मरावी उप पुलिस अधीक्षक अजाक यातायात धमतरी, विपिन रंगारी एसडीओपी नगरी एवं यशकरण दीप ध्रुव उपपुलिस अधीक्षक एसजेपीयू धमतरी सहित स्टेनो एवं रीडर उपस्थित रहे।

### मालवाहकों में सवारी, तो कड़ाई से करें कार्रवाई

शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने, नियम विरुद्ध मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वालों पर सख्त कार्र करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

### बीट प्रणाली पुलिसिंग की आधारशिला

बीट प्रणाली को पुलिसिंग की आधारशिला बताते हुए एसपी श्री परिहार ने अधिकारियों को नियमित ग्राम भ्रमण करने, ग्राम प्रमुखों, समाज प्रमुखों एवं वरिष्ठ नागरिकों से सतत संवाद स्थापित करने तथा बीट अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सक्रिय एवं जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मजबूत बीट व्यवस्था से अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा।

### साइबर क्राइम पर नियंत्रण जरूरी

साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए एसपी ने निर्देशित किया कि साइबर संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही की जाए तथा ऐसे मामलों को बिना विलंब साइबर थाना भेजा जाए। सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं प्रभावी उपयोग को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

# अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस का शिकंजा, चार आरोपी गिरफ्तार

- मगरलोड, कुरूद और बिरेझर में ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ धमतरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अलग-अलग प्रकरणों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना मगरलोड, थाना कुरूद और चौकी बिरेझर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब, नगदी रकम और वाहन सहित कुल 28 हजार 230 रुपये जब्त किए गए। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब, जुआ, सट्टा और मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। थाना मगरलोड पुलिस ने बेलरदोना मार्ग स्थित शराब भट्ठी अहाता में रेड कार्रवाई कर आरोपी उत्तम निषाद उर्फ राजा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 17 नग बडवाइजर मैग्नम केन बियर, बिक्री रकम सहित कुल 4 हजार 530 रुपए का सामान जब्त किया गया। वहीं थाना कुरूद पुलिस ने ग्राम गाड़ाडीह में कार्रवाई करते हुए आरोपी गिरधर साहू को 15 पौवा देशी मसाला शराब और नकदी रकम के साथ पकड़ा। दूसरी कार्रवाई नया बाजार कुरूद क्षेत्र में की गई, जहां आरोपी किशोर कुमार ध्रुव के कब्जे से देशी शराब, बिक्री रकम और होंडा एक्टिवा वाहन सहित कुल 21 हजार 180 रुपये का मशरूका जब्त किया गया। इधर चौकी बिरेझर पुलिस ने ग्राम सोनपुर बड़ी नहर के पास घेराबंदी कर आरोपी कमलेश कुमार टंडन को 17 पौवा देशी शराब और नकदी रकम के साथ गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।





# 44 डिग्री की तपिश में आसमान से गिरा कबूतर

**धमतरी।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी अब जानलेवा साबित होने लगी है। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच जनजीवन प्रभावित रहा, वहीं इसका सबसे ज्यादा असर बेजुबान पक्षियों पर देखने को मिला। दोपहर करीब 2:20 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के पास एक कबूतर उड़ते-उड़ते अचानक नीचे गिर पड़ा और कुछ ही क्षण में उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज गर्म हवा और पानी की कमी के कारण कबूतर की हालत बिगड़ गई और वह आसमान से नीचे आ गिरा। भीषण गर्मी का असर केवल पक्षियों तक सीमित नहीं है, बल्कि तितलियां और छोटे कीट-पतंगे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। नगर निगम कार्यालय के पास कई मृत तितलियां देखी गईं, जिससे पर्यावरण पर भी गंभीर असर दिखाई दे रहा है। शहर में खुले में घूम रहे मवेशी भी परेशान हैं। छायादार स्थानों की कमी के कारण वे तपती सड़कों और गर्म डामर पर खड़े होने को मजबूर हैं। पेड़ों की कमी के चलते उन्हें लगातार छांव की तलाश करनी पड़ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि 40 डिग्री से अधिक तापमान में पक्षियों के शरीर का तापमान तेजी से बढ़ता है, जिससे उन्हें सांस लेने में कठिनाई होती है। पानी की कमी होने पर उनकी शारीरिक प्रणाली प्रभावित होती है और गंभीर स्थिति में उनकी मृत्यु तक हो सकती है।



## ईरान-अमेरिका युद्ध के असर से बढ़ी निर्माण सामग्री की कीमत

# डामर की कीमत में उछाल से थमी सड़क निर्माण की रफ्तार

- धमतरी जिले में 50 से अधिक परियोजनाएं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव का असर अब स्थानीय विकास कार्यों पर भी दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण पेट्रोलियम उत्पादों और निर्माण सामग्री की कीमत में तेजी आई है, जिससे सड़क निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। धमतरी जिले में डामर के दाम अचानक बढ़ने से कई निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों को काम धीमा करना पड़ा है। जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह में डामर की कीमत में करीब 30 हजार रुपए प्रति टन तक की बढ़ोतरी हुई है।



### ठेकेदारों ने सरकार से मांगी राहत

सड़क निर्माण से जुड़े ठेकेदारों ने शासन से इस मामले में राहत देने की मांग की है। उनका कहना है कि छोटी लागत वृद्धि को किसी तरह संभाला जा सकता था, लेकिन प्रति टन 30 हजार रुपए तक बढ़े डामर के दाम ने स्थिति कठिन बना दी है। ठेकेदारों ने सरकार से नई नीति या अतिरिक्त आर्थिक सहायता देने की मांग की है, ताकि विकास कार्य बाधित न हों। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालात सामान्य नहीं हुए तो आने वाले समय में सड़क निर्माण की लागत और बढ़ सकती है, जिसका असर विकास योजनाओं पर पड़ेगा।

### कोलियारी-खरेंगा मार्ग समेत कई परियोजनाएं रुकी

धमतरी क्षेत्र में बन रहे कोलियारी-खरेंगा मार्ग का काम भी प्रभावित हुआ है। इस मार्ग में अब तक कुछ किलोमीटर तक ही डामरीकरण हो पाया है, जबकि बाकी हिस्सा अधूरा पड़ा हुआ है। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में प्रस्तावित बीटी सड़क निर्माण कार्यों की रफ्तार भी धीमी हो गई है। पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय और अन्य विभागों के अंतर्गत चल रही कई सड़क परियोजनाओं में डामर की कमी और बढ़ती लागत बड़ी चुनौती बन गई है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल सीमेंट और मुरम आधारित कार्य जारी हैं, लेकिन डामरीकरण प्रभावित हुआ है।

### जिले के कई सड़क निर्माण कार्यों पर असर

डामर की कीमत बढ़ने के बाद जिले में चल रहे 40 से 50 सड़क निर्माण कार्य प्रभावित बताए जा रहे हैं। कई जगहों पर डामरीकरण का काम रोक दिया गया है, जबकि ठेकेदार फिलहाल गिट्टी बिछाने, लेवलिंग और अन्य प्रारंभिक कार्यों तक सीमित हैं। निर्माण एजेंसियों का कहना है कि वर्तमान दरों में काम जारी रखने पर भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके चलते कई डामर प्लांट भी अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं।



## खबर संक्षेप




### स्कूल सफाई कर्मचारियों की मांगों पर श्रम विभाग ने भेजे निर्देश

**डांडेसरा।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर छग दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा रायगढ़ में वित्त मंत्री निवास घेराव कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालीन करते हुए श्रमायुक्त दर से वेतन भुगतान की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई थी। इसी क्रम में श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को निर्देश प्रेषित किए गए हैं। शासन के इस कदम से प्रदेशभर के स्कूल सफाई कर्मचारियों में खुशी और उत्साह का माहौल है तथा मांगों के निराकरण की उम्मीद मजबूत हुई है। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री एवं अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश महामंत्री डागेश्वर पटेल तथा धमतरी जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने इसे कर्मचारियों की एकजुटता और लंबे संघर्ष की सफलता बताया।

### मिलवाले बाबा का उर्स आज

**धमतरी।** शहर में धार्मिक सौहार्द्र और भाईचारे का प्रतीक माने जाने वाले हजरत शाह अब्दुल रहमानी रहमतुल्लाअलैह (मिलवाले बाबा साहब) का उर्स सोमवार 25 मई को आयोजित किया जाएगा। उर्स मुबारक कमेटी धमतरी द्वारा आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में है। उर्स के दौरान चादरपोशी, फातिहा, दुआ और लंगर का आयोजन किया जाएगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन वर्षों से शहर में आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देता आ रहा है।

## निधन

### कुमारीबाई ध्रुव



**अंवरी।** ग्राम अंवरी निवासी बालाराम ध्रुव की पत्नी कुमारी बाई ध्रुव उम्र 70 वर्ष का 21 मई को निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छो गई। अंतिम संस्कार में हेमंत, गणेश, भेखूराम, खूबलाल, शेषनारायण, टोमेश, जन्मेजय, पूरब, तुलसी, तनीष, निलेश, केवल, कलीराम, भीष्म सिंह ध्रुव समेत अन्य शामिल हुए।

### लक्षणीबाई साहू



**कुरुद।** ग्राम मेंडरका निवासी लक्षणी बाई साहू का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार की सुबह किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नाते-रिश्तेदार एवं ग्रामीण सम्मिलित हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। वे ओमप्रकाश साहू, अहिल्याबाई साहू की माताजी एवं सियाराम साहू की भाभी थी।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा**
**जिला धमतरी छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202604132300023 /अ-74
वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनेश्वर पिता शत्रुहन जाति तेली निवासी ग्राम भेण्डरार तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक की माता गंगाबाई पति स्व. शत्रुहन साहू के नाम पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा भखारा मे खाता संचालित है जिसका खाता क्रमांक 77023428053 है। खाताधारण गंगाबाई की मृत्यु दिनांक 15/10/2024 को हो चुकी है। मृतक गंगाबाई के विधिक वारिसान धनेश्वर पुत्रीगण अमृतबाई गिरिजाबाई मंजूबाई डकेश्वरी हैं। आवेदक मृतक गंगाबाई के नाम पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा भखारा मे जमा राशि का आहरण हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की मांग हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र अन्य दस्तावेज पेश किया है।

अतः आवेदक के आवेदन पत्र के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 26/05/2026 के पूर्व स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**नायब तहसीलदार**
**भखारा**

# गुटका-सिगरेट बेचने पर लगेगा 2500 जुर्माना, रद्द होगा दुकान का लाइसेंस

## नाबालिगों को बचाने नशे के खिलाफ ग्राम पंचायत कोसमर्रा का बड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा

ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने और युवाओं को इस सामाजिक बुराई से बचाने के लिए ग्राम पंचायत कोसमर्रा ने एक बेहद कड़ा और सराहनीय कदम उठाया है। पंचायत ने गांव में विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री, अवैध शराब और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त नियमों की घोषणा की है।

इस संबंध में पंचायत द्वारा बकायदा कोटवार के माध्यम से गांव में मुनादी कराने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बीड़ी, गुटका, सिगरेट या तंबाकू जैसे किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसा करते पाए जाने पर दुकानदार पर 2500 का जुर्माना लगाया जाएगा और उसकी दुकान का लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा की जाएगी।

### सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर पाबंदी

गांव के किसी भी सार्वजनिक स्थान या तालाब के घाट पर बैठकर शराब पीना पूरी तरह वर्जित है। नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर 2500 का जुर्माना तय किया गया है। गांव का कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के भीतर किसी को भी शराब नहीं पिला सकता। इस नियम का उल्लंघन करने पर 5000 का अर्थदंड और दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।



### युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने नहीं देंगे : डॉ.कुलेश्वर



डॉ.कुलेश्वर साहू सरपंच, ग्राम पंचायत कोसमर्रा ने बताया कि गांव को नशा मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए यह फैसला बेहद जरूरी था। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### अवैध शराब बिक्री पर 5000 का दंड

यदि गांव के भीतर कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचते हुए पाया जाता है, तो उस पर 5000 का अर्थदंड लगेगा। इसके साथ ही, संबंधित व्यक्ति का राशन कार्ड, नल-जल कनेक्शन और अन्य शासकीय मूलभूत सुविधाओं को बंद करने की सिफारिश की जाएगी। आदत से मजबूर शराब कोचियों के नाम स्थानीय पुलिस थाने और आबकारी विभाग को सौंपे जाएंगे।

### लालटेन के सहारे जिंदगी : बारिश में बढ़ा जहरीले सर्प और जंगली जानवरों का खतरा

# चार माह से अंधेरे में आमझर, सोलर प्लांट बंद होने से ग्रामीण हुए बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा



वनांचल के ग्राम आमझर के ग्रामीणों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। यहां ग्रामीणों को क्रेडा सोलर पैनल से बिजली की व्यवस्था कराई गई है मगर अब वो भी जवाब दे दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर क्रेडा के अधिकारी तो आते हैं मगर उनकी समस्याओं का समाधान के बजाय और मुश्किल बढ़ा दी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से यहां बिजली व्यवस्था की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि जिले के टायगर रिजर्व क्षेत्र में बसे ग्रामीणों को आज मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा की व्यवस्था नहीं है। जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर की दूरी पर बसे ग्राम खल्लारी के आश्रित ग्राम आमझर में ग्रामीणों की सुविधा के लिये चार जगह क्रेडा सोलर प्लांट लगाया गया है। मगर आज चारों बंद हैं। बारिश में स्कूली बच्चों को ज्यादा परेशानी होगी।

### सोलर पैनल की तत्काल मरम्मत कराएं

ग्रामीण महेतू मंडावी, महेश मरकाम ने बताया कि बारिश लगते ही जंगल में हरियाली छा जाती है। छोटे-छोटे पेड़ पौधों से अक्सर यहां जहरीले सर्प कीड़े मकोड़े घरों तक पहुचते हैं। रात के अंधेरे में हमेशा खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि समस्या को देखते हुए सोलर पैनल की तत्काल मरम्मत कराएं।

### बच्चे लालटेन से कैसे करे पढ़ाई

ग्रामीण बलिहार कुंजाम, बरसन कुंजाम, गोपाल कुंजाम ने बताया कि अब राशन दुकान में केरोसिन भी नहीं मिलता। आखिर लालटेन के सहारे कितने समय तक बच्चे पढ़ाई करेंगे। वनांचल में कच्चे घर और कीचड़ के चलते रात में समझ ही नहीं आता कि कहां से जहरीला सर्प आ जाये।

### अधिकारी ले गये इन्वर्टर

ग्रामीण केशनाथ नेताम ,नीरा बाई नेताम , सरिता बाई , मानबाई कुंजाम ने बताया कि क्रेडा विभाग के अधिकारी एक प्लान्ट का इन्वर्टर ले गये जबकी यही प्लांट बढ़िया चल रहा था। अब बगैर इन्वर्टर के प्लान्ट कैसे चलेगा। तीन और प्लान्ट है वो सिर्फ दिखावा है। मुश्किल से पांच से दस मिनट चलता है और बंद हो जाता है । अधिकारी शिकायत के बाद आते हैं और दिन में कड़कड़ाती धूप में पैनल चालू करते हैं। धूप में लाइट जल जाती है। अधिकारी कहते हैं कि लाइट तो जल रही है। अधिकारी रात में यहां रूके। सूरज ढलते ही बिजली बंद हो जाती है।

### चारों प्लांट बंद नहीं

एक प्लांट का इन्वर्टर निकाला गया है। बाकी तीन चालू है। गांव में चारों प्लांट बंद नहीं है।
**- धनेन्द्र देवांगन**, *क्रेडा अधिकारी*

# अधिकारों की रक्षा और मानदेय वृद्धि को लेकर एकजुट हुए जनप्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- उपसरपंच संघ की बैठक में संगठन की मजबूती और वार्षिक सम्मेलन पर बनी सहमति

जनपद पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में उपसरपंच संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों के उपसरपंचों ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने, उपसरपंचों के अधिकारों की रक्षा तथा विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में प्रमुख रूप से उपसरपंचों के मानदेय में वृद्धि की मांग उठाई गई। उपसरपंचों की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाने तथा पंचायत स्तर पर उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। संघ द्वारा प्रतिवर्ष उपसरपंचों का वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा गया, ताकि प्रदेशभर के उपसरपंच एक मंच पर आकर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा कर सकें।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी भी उपसरपंच को अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने या राजनीतिक द्वेषवश कार्रवाई करने की स्थिति में उपसरपंच संघ प्रशासन के समक्ष मजबूती से मामला उठाएगा तथा संबंधित पक्षों पर कार्रवाई की मांग करेगा।

उपसरपंच संघ अध्यक्ष माधवेंद्र साहू ने कहा कि पंचायत व्यवस्था में उपसरपंचों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण विकास और जनहित के कार्यों में उपसरपंचों की सक्रिय भागीदारी रहती है, इसलिए उनके सम्मान, अधिकार और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सभी को संगठित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि संघ उपसरपंचों की समस्याओं और अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगा।

मौके पर मनीष साहू, विनोद डिंडोलकर, नोमेश सिन्हा, खिलेंद्र साहू, अरमान खान, तातेश्वर साहू, देवनारायण साहू, मिलन साहू, पुनारद धीवर, दामन साहू, ज्योतिबा खरे, प्रतिभा साहू, बसंती साहू, डुमेश्वरी नेताम एवं परमेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में उपसरपंच उपस्थित थे।

# बर्डमैन की सीख से बच्चों ने लिया हरियाली बचाने का संकल्प

- स्कूल में सीड बॉल और घोंसलों के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



बदलते पर्यावरण, बढ़ती गर्मी और गायब होती गौरैया के बीच कातलबोड़ के स्कूली बच्चों ने प्रकृति को बचाने का जिम्मा अपने छोटे-छोटे हाथों में उठा लिया। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कातलबोड़ में आयोजित बर्ड कंजर्वेशन एवं सीड बॉल कार्यशाला में बच्चों ने मिट्टी, बीज और लकड़ी के घोंसलों के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

परिक्षेत्र साहू समाज बानगर और कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में बच्चों को बताया गया कि कैसे सीड बॉल के माध्यम से बंजर जमीनों को फिर से हरा-भरा बनाया जा सकता है और लकड़ी के घोंसलों से पक्षियों को सुरक्षित आश्रय मिल सकता है।

### 7 वर्ष में 15 हजार से अधिक लकड़ी के घोंसले बनाए

कार्यक्रम में पहुंचे इलाके के चर्चित बर्डमैन मोहन साहू ने गौरैया संरक्षण की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली और कांक्रीट के जंगलों के कारण पक्षियों का प्राकृतिक आशियाना तेजी से खत्म हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले सात वर्षों में वे 15 हजार से अधिक लकड़ी के घोंसले और 3 हजार टिन शेड लगाकर पक्षियों को सुरक्षित घर उपलब्ध करा चुके हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि अगर अभी से पक्षियों और पेड़ों को बचाने की पहल नहीं की गई, तो आने वाली पीढ़ी प्रकृति को सिर्फ तस्वीरों में देखेगी।

### मिट्टी, खाद और बीज से सीड बॉल बनाने का प्रशिक्षण

शिक्षक प्रमोद साहू ने बच्चों को मिट्टी, खाद और बीज से सीड बॉल बनाने का प्रशिक्षण दिया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सीड बॉल तैयार किए। हर बच्चे ने 100 सीड बॉल बनाने का ग्रीन चैलेंज स्वीकार किया। विद्यार्थियों ने अपने घरों के बाहर घोंसले लगाने का संकल्प लिया। प्रेमचंद साहू और भुनेश्वर साहू के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान को ग्रामीणों और सामाजिक पदाधिकारियों ने सराहा।




# प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों ने लिया वनों के वैज्ञानिक प्रबंधन का व्यवहारिक प्रशिक्षण

- 50 प्रशिक्षु अधिकारियों ने वन प्रबंधन की व्यवहारिक बारीकियां सीखीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून के वर्ष 2024-25 बैच के भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 50 प्रशिक्षु अधिकारियों ने धमतरी वनमंडल में आयोजित व्यावहारिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की कार्य आयोजना (वर्किंग प्लान) के अध्ययन हेतु 12 से 22 मई तक आयोजित इस विशेष अभ्यास कार्यक्रम में अधिकारियों ने वनों के वैज्ञानिक प्रबंधन, संरक्षण, संवर्धन एवं जनसहभागिता आधारित गतिविधियों की जमीनी समझ विकसित की।

उल्लेखनीय है कि वन विभाग की कार्य आयोजना एक वैज्ञानिक एवं दीर्घकालिक रणनीतिक दस्तावेज है, जिसके माध्यम से आगामी 10 वर्षों के लिए वनों के सतत प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण, जल स्त्रोतों के संवर्धन और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने की रूपरेखा तैयार की जाती है।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने धमतरी वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र का भ्रमण कर फील्ड आधारित अध्ययन किया। केरेगांव वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक-167 में प्रशिक्षुओं ने बायोमैट्रिक एक्सरसाइज, सागौन पौधरोपण तथा शुष्क पर्णपाती वनों के सैंपल प्लॉट से डेटा संकलन की तकनीकों का अभ्यास किया। इसके पश्चात उत्तर सिंगपुर, बिरगुड़ी एवं दुगली वन क्षेत्रों में सागौन पौधरोपण, ग्रिड सर्वे और वन प्रबंधन की तकनीकी प्रक्रियाओं को समझा गया।

### पम्पारनाला संरचना का अध्ययन

अधिकारियों ने दुगली वन प्रसंस्करण केंद्र में लघु वनोपजों के प्रसंस्करण कार्यों तथा नगरी डिपो में इमारती लकड़ियों के रखरखाव और प्रबंधन की प्रक्रियाओं का भी अवलोकन किया। दक्षिण सिंगपुर परिक्षेत्र में भू-जल संरक्षण के तहत पम्पारनाला संरचना का अध्ययन कर जल संरक्षण उपायों की जानकारी ली गई। संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से स्थानीय समुदायों की भागीदारी आधारित वन संरक्षण मॉडल को भी समझा गया।

### फील्ड आधारित प्रशिक्षण महत्वपूर्ण

प्रशिक्षण सत्र के दौरान धमतरी के वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने प्रशिक्षु अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें वन प्रबंधन के व्यवहारिक पक्षों, चुनौतियों एवं समाधान आधारित कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भविष्य के वन अधिकारियों के लिए फील्ड आधारित प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे न केवल तकनीकी दक्षता विकसित होती है, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और ग्रामीण समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण भी मजबूत होता है।

### वन प्रबंधन की रणनीतियों पर जोर

दुगली क्षेत्र में अधिकारियों ने बांस पौधरोपण एवं क्षतिग्रस्त वनों के पुनर्वास संबंधी गतिविधियों का अध्ययन किया, वहीं नगरी वन परिक्षेत्र में बहुमूल्य साल वनों के संरक्षण एवं प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक वन सर्वेक्षण तकनीकों, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के अनुरूप वन प्रबंधन की रणनीतियों पर भी विशेष जोर दिया गया।

### सामाजिक-आर्थिक सर्वे

वनों के साथ स्थानीय जनजीवन के संबंधों को समझने के उद्देश्य से प्रशिक्षु अधिकारियों ने तुमड़ाबहार, खिड़कीटोला एवं डांगीमांचा गांवों में सामाजिक-आर्थिक सर्वे किया। इस दौरान ग्रामीणों एवं जनजातीय समुदायों की आजीविका, लघु वनोपज आधारित गतिविधियों तथा वन संरक्षण में उनकी सहभागिता का अध्ययन किया गया।

# खपरैल घरों की मरम्मत में जुटे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगरी अंचल में बारिश के मौसम की आहट के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में खपरैल मकानों की मरम्मत का कार्य तेज हो गया है। गांवों में जगह-जगह खपरैल छतों में फॉल्ट और टूट-फूट दिखाई देने लगी है, जिसे ग्रामीण समय रहते सुधारने में जुटे हैं ताकि बरसात के दौरान पानी टपकने जैसी समस्याओं से बचा जा सके।

ग्राम के विशाल साहू, सोनाराम नेताम एवं रानू धुव अपने घरों की खपरैल छतों की मरम्मत करते नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल बारिश से पहले छतों की मरम्मत करना जरूरी हो जाता है, क्योंकि बरसात के समय थोड़ी सी लापरवाही भी परिवार के लिए परेशानी का कारण बन सकती है।

ग्रामीण अंचल में आज भी बड़ी संख्या में लोग पारंपरिक खपरैल मकानों में निवास करते हैं। इन मकानों की मजबूती बनाए रखने के लिए समय-समय पर मरम्मत आवश्यक होती है। बारिश से पहले गांवों में खपरैल छतों को ठीक करने, टूटे खपरों को बदलने और छत की सफाई जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

**Pride of Dhamtari**

**सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल**
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

- 14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
- State of the art NICU including care for Preterm, Term
- A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
- वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
- Multi Para Monitors / Bubble CPAP
- Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
- Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
- प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
- Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
- 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

**डॉ. विजय रावत**
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### घायल की अस्पताल में मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत कुरूभाट निवासी दीनबंधु साहू पिता बोधन साहू का इलाज के दौरान 5 मई को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 20 लीटर कच्ची शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने अवैध महुआ शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ग्राम लाल माटवाड़ा यात्री प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति खुलेआम महुआ शराब बेच रहा है। मिली जानकारी कि तस्दीक कर पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी पटेलपारा लाल माटवाड़ा निवासी 38 वर्षीय जितेन्द्र दुग्गा को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 20 लीटर देशी महुआ शराब, प्लास्टिक गिलास एवं बिक्री रकम 300 रुपएं बरामद किए गए। जब्त शराब की कीमत करीब 2000 रुपएं आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### ग्राम चिखली में आज लगेगा समाधान शिविर

**दुर्गुकोंदल।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत विकासखंड दुर्गुकोंदल में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत जाड़ेकुसी में 25 मई प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बस्तर मुन्ने अग्रणी बस्तर सुशासन तिहार एवं नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के तहत विशेष समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत चिखली, साधुमिचगाव, कोड़े, हामतवाही मंगहूर, पंचागी, सराधुघमरे सहित आसपास के अनेक ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचेंगे।

### शराब बेचते दो कोचिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 71 में पुलिस ने 22 मई को छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी विजेन के कब्जे से 20 नग अंग्रेजी शराब, 9 नग बियर व नगद एक हजार रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वही हल्बा चौकी पुलिस ने 23 मई को दोपहर 1 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी थानाबोड़ी निवासी 42 वर्षीय कृष्णा कुमार जैन पिता स्व. लच्छन राम जैन के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया।

# तेजी से घटती जैव विविधता के संरक्षण का लिया संकल्प

## बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों और विशेषज्ञों के संदेशों से गूंजा पर्यावरण संरक्षण का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्वभर में तेजी से घटती जैव विविधता के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया।

धमतरी वनमंडल के डिपो कैम्पस स्थित नवीन प्रशिक्षण हॉल में आयोजित कार्यक्रम में वन अधिकारियों, विशेषज्ञों, संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएफओ धमतरी श्रीकृष्ण जाधव ने की। लोगों ने प्रकृति संरक्षण, वन्य जीवों की सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए अपने स्तर पर योगदान देने का संकल्प लिया।

### जैव विविधता पारिस्थितिकी तंत्र की आधारशिला

अपने संबोधन में डीएफओ श्री जाधव ने कहा कि जैव विविधता केवल पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र की आधारशिला है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की थीम वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना रखी गई है, जो यह संदेश देती है कि स्थानीय स्तर पर किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### जैव विविधता हमारे ग्रह का जीवंत ताना-बाना

संलग्नाधिकारी बीके लकड़ा ने कहा कि जैव विविधता हमारे ग्रह का जीवंत ताना-बाना है और इसका संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने पर बल दिया।



कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने प्रकृति, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

बड्र्स एंड बटरफ्लाई विशेषज्ञ अमर मूलवानी ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से पक्षियों एवं तितलियों की विभिन्न प्रजातियों तथा उनके संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। विशेषज्ञ गोपी साहू ने सरीसृप जीवों की उपयोगिता, उनसे जुड़े भ्रम और संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी सत्यनारायण प्रधान, पंचराम साहू, आकांक्षा बोरकर, ओमकार सिन्हा, केपी जोशी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन


# 15 जून तक शुभ कार्यों पर लगा ब्रेक, अधिक मास शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार 17 मई से अधिक मास (मलमास) प्रारंभ हो गया है, जो 15 जून तक चलेगा। इस अवधि में पूरे क्षेत्र में विवाह, सगाई और अन्य सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों पर अस्थायी रूप से रोक लग गई है। इसके चलते एक माह तक शुभ आयोजनों की रौनक थमी रहेगी और पूर्व में तय कई कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

धमतरी के ज्योतिषाचार्यों पंडित राजकुमार तिवारी एवं पंडित सूरज तिवारी ने बताया कि मलमास को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। इस समय विवाह, गृह प्रवेश, जनेऊ संस्कार, मुंडन संस्कार, नए व्यापार का शुभारंभ, वाहन खरीद और भवन निर्माण जैसे कार्य वर्जित रहते हैं। 15 जून तक किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे।

धार्मिक मान्यता है कि इस समय किए गए साधना कार्य मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं। लोग अपने दैनिक जीवन से समय निकालकर भक्ति भाव में लीन होकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।



### भगवान विष्णु की आराधना और धार्मिक साधना का विशेष समय

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह अवधि भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की विशेष आराधना के लिए समर्पित मानी जाती है। इस दौरान श्रद्धालु पूजा-पाठ, भागवत कथा श्रवण, मंत्र जाप और तीर्थ यात्रा जैसे धार्मिक कार्यों में भाग लेते हैं। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं।

### दान-पुण्य को बताया गया अत्यंत फलदायी

पंडित राजकुमार तिवारी एवं पंडित सूरज तिवारी ने बताया कि मलमास में किया गया दान विशेष पुण्य देने वाला माना जाता है। इस अवधि में श्रद्धालु जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र, बर्तन एवं अन्य आवश्यक सामग्री का दान कर रहे हैं। साथ ही गौ सेवा, तुलसी पूजा और पीपल पूजा का भी विशेष महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस समय किया गया पुण्य कार्य जीवन में सुख-समृद्धि और शांति प्रदान करता है तथा आने वाले समय के लिए शुभ फलदायी माना जाता है।

# युवाओं को मिली नई जिम्मेदारी

- तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ कुरुद की कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

सामाजिक एकजुटता एवं युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तहसील साहू संघ कुरुद के युवा प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुराग साहू ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर सक्रिय एवं कर्मठ युवाओं की नियुक्ति की घोषणा की।

युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुराग साहू ने कहा कि कार्यकारिणी विस्तार का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना, युवाओं को शिक्षा एवं स्वरोजगार के प्रति जागरूक करना तथा माता कर्मा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान एवं आपातकालीन सहायता जैसे सामाजिक कार्यों को गति दी जाएगी। सन्नी साहू को संगठन महामंत्री, टुकेश साहू को कार्यकारी अध्यक्ष, गुपेंद्र साहू, धनीराम साहू एवं देवेंद्र साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं चूड़ामणि साहू को कोषाध्यक्ष तथा चंद्रशेखर साहू, कुलदीप साहू, गोपेन्द्र साहू, डेमन साहू, छोटेलाल साहू, छबिकांत साहू, उतरा कुमार साहू, पुष्पेंद्र साहू, महेश साहू एवं सरोज साहू को संगठन सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा आकाश साहू, दिलीप साहू, योगेश साहू, टोमेश साहू, विजयानंद साहू एवं धर्मेंद्र साहू को संयुक्त सचिव, वासुदेव साहू एवं तिमांशु साहू को सोशल मीडिया प्रभारी तथा थानेश्वर साहू एवं गोपालकृष्ण साहू को प्रचार-प्रसार सचिव नियुक्त किया गया।

# पोडागांव-लखनपुरी मार्ग पर पुल किनारे मिट्टी कटाव से बढ़ा खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

- रात्रि में कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर स्थित ग्राम पोडागांव से लखनपुरी जाने वाले मुख्य मार्ग पर बने पुल के किनारे की मिट्टी पिछले वर्ष हुई बारिश में बह जाने से मार्ग बेहद खतरनाक हो गया है। पुल के दोनों ओर मिट्टी कटाव होने से सड़क कमजोर पड़ गई है, जिससे खासकर रात्रि के समय कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि पुल किनारे पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण रात में आवागमन करने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे में पुल किनारे कटाव दिखाई नहीं देने से दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है।

### मिट्टी भराई नहीं हुई तो आवागमन बाधित हो सकता है

सरपंच सुषमा बाई ने बताया कि पिछले वर्ष बारिश के दौरान पुल किनारे की मिट्टी कटकर बह गई थी, लेकिन अब तक संबंधित विभाग द्वारा मरम्मत या मिट्टी भराई का कार्य नहीं कराया गया है। यदि बारिश से पहले पुल किनारे मिट्टी भराई नहीं की गई तो आवागमन पूरी तरह बाधित हो सकता है और पुल को भी नुकसान पहुंच सकता है। ग्रामीण यशवंत किरण, युगल समस्त सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# नगर में निकली व्यसन मुक्ति रैली

- युवाओं को नशा और मोबाइल की लत से दूर रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन 22 मई से 27 मई तक किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस से ही युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, करियर मार्गदर्शन और सामाजिक जिम्मेदारी के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं को मोबाइल की अत्यधिक लत और नशे की प्रवृत्ति से बाहर निकालकर उन्हें एक सकारात्मक दिशा देना है, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ समाज निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

शिविर में युवाओं को यह समझाया जा रहा है कि वे अपने कीमती समय का उपयोग केवल मनोरंजन या मोबाइल तक सीमित न रखकर रचनात्मक एवं सामाजिक कार्यों में लगाएं। साथ ही उन्हें नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपने भविष्य को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत यह भी बताया जा रहा है कि गुटखा, बीड़ी, पान और सिगरेट जैसे पदार्थ स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हैं और समाज को भी कमजोर करते हैं।

24 मई को इस अभियान के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में एक व्यसन मुक्ति रैली निकाली गई। रैली में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान नशा मुक्ति के नारे लगाए गए और जागरूकता गीतों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि वे नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को सुरक्षित रखें।

कार्यक्रम के संचालन हेतु प्रांत से विशेष टोली भी उपस्थित रही, जिसमें बसंत कुमार जैन, महेंद्र केशव, महावीर, अंबिका मरकाम एवं सुकलाल मरकाम शामिल रहे। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर गायत्री परिवार के पदाधिकारी एवं सदस्य रमेश कुमार सार्वा, रामकुमार समरथ, रंजीत सिंह, सोम कुमार, रवि कुमार सोम, मदन सेन, शिव कुमार सरोज, रिकेश्वरी साहू, दिनेश्वरी साहू, रजनी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं महिला कमांडो उपस्थित थे।



# तहसील गोड़ समाज के ललित फिर बने अध्यक्ष



- परंपरागत रीति अनुसार सर्वसम्मति से हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज कुरूद तहसील के अध्यक्ष पद के लिए आयोजित चुनाव पारंपरिक रीति-रिवाज एवं रूढ़ि जन्य परंपरा के अनुसार आदिवासी सामुदायिक भवन कुरूद में हुआ। समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों की सर्वसम्मति से ललित ठाकुर को पुनः तहसील अध्यक्ष चुना गया। उनके दोबारा अध्यक्ष बनने पर समाज में उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया।

इस दौरान वरिष्ठ समाज प्रमुख कुलंजन सिंह मांडवी, बसंत ध्रुव, बीरबल और विजय ने कहा कि गोंड सोसायटी अपनी पुरानी परंपराओं और सामाजिक मर्यादाओं को सहेजते हुए संगठन को लगातार मजबूत कर रही है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित ठाकुर ने कहा कि समाज ने जिस विश्वास के साथ उन्हें दोबारा जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक एकता, युवाओं की भागीदारी और समाज हित के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। अंगार मोती ट्रस्ट गंगरेल के अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई ने फोन पर हर्ष जताया। जिला ध्रुव गोंड समाज अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर ने आदिवासी साहित्यकारों के सम्मान की योजना बनाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# सीसी रोड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम जीजामगांव में जनपद सदस्य श्रीमती गंगा साहू ने सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सीसी रोड डबरापारा की नेताम गली में तथा दायीं ओर परस साहू के घर तक बनाया जायेगा। मौके पर सरपंच देवचरण चंद्राकर, उपसरपंच होरीलाल महिलांगे, पंचगण होरीलाल साहू, सुमंत मारकंडे, टकेश्वर साहू, श्रीमती रेखा साहू, त्रिवेणी पटेल, सुशीला साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष शुभमदास बघेल, मंडी अध्यक्ष कृष्ण कुमार सांखरे, प्रीतम साहू, पीएन नेताम, योगेश्वर साहू, विष्णु ध्रुव, तोषण पटेल उपस्थित थे।

### किसानों के हित में एकजुट हुआ भारतीय किसान संघ

**नगरी।** किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की लड़ाई को मजबूती देने के उद्देश्य से भारतीय किसान संघ तहसील नगरी की प्रथम बैठक राजाबाड़ा में आयोजित की गई। बैठक में किसानों के हितों को सर्वोपरि बताते हुए गांव-गांव संगठन विस्तार और किसानों को एकजुट करने पर विशेष जोर दिया गया।

# संगठन सृजन अभियान से मिलेगी नई दिशा



- देमार में बूथ कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बूथ कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत ग्राम देमार में बूथ कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खिलेंद्र ध्रुव एवं सेक्टर अध्यक्ष चित्रांश रजक के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस दौरान कांग्रेस पार्टी की नीतियों, संगठन विस्तार एवं आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खिलेन्द्र ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है। आज देश और प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं किसानों की समस्याओं को लेकर जनता परेशान है। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहन जांगड़े ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस पार्टी को नई दिशा और नई ऊर्जा देने का कार्य कर रहा है। बूथ कमेटियों के गठन से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलेगी और संगठन पहले से अधिक सक्रिय होगा। सेक्टर अध्यक्ष चित्रांश रजक ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।

मौके पर जनपद सदस्य योगेश मार्कण्डेय, धर्मेंद्र पटेल कोषाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक उपाध्यक्ष रघुवीर रामटेक, मोहन जांगड़े, सेक्टर अध्यक्ष चित्रांश रजक, उपसरपंच परमेश्वरी साहू, सोमेश्वर सिन्हा, बल्लू मेश्राम, चैतराम निर्मलकर, राजकुमारी गायकवाड़, शिव कुमारी गायकवाड़, रूक्मणि ध्रुव, हेमलता साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### मेघा सोसाइटी में हुई किसान संगोष्ठी

**मगरलोड।** वृहत्ताकार कृषि शाख समिति मर्यादित मेघा में आयोजित किसान संगोष्ठी के तीसरे दिन केएस नरेटी कृषि विस्तार अधिकारी ने कृषि से संबंधित खाद, बीज के प्रयोग के बारे में किसानों को जानकारी दी। आरएईओ गुलाब सिंह दीवान ने किसानों को शीघ्र ही एग्रीस्टेक कराने का आग्रह किया। पीएम सम्मान योजना से वंचित कृषकों को भी लाभ लेने की जानकारी दी। रागी की फसल लेने वाले कृषक शत्रुघन साहू रांकाडीह ने अपना अनुभव बताया कि धान की तुलना में रागी फसल में पानी, खाद व कीटनाशक दवाई इस्तेमाल कम होता है।

# स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों को किट वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



नगर पंचायत भखारा में स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल करते हुए अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, उनकी टीम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों को उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। सफाई कार्य में उपयोग आने वाली सामग्री जैसे साड़ी, टी-शर्ट, टोपी, मास्क, रिफ्लेक्शन शर्ट, गम जूते, गलब्स सहित अन्य आवश्यक किट प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन द्वारा सभी को स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर को प्रथम स्थान दिलाने हेतु स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वहीं सीएमओ ने नगरवासियों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने एवं नगर पंचायत के स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सभापति सदस्य छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, वार्ड पार्षद परदेशी कंवर, रामकृष्ण नेताम, सफाई दरोगा चंद्र प्रकाश साहू, कमलेश साहू, पेयजल बिजली विभाग शोभा साहू सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन ने नगर के लोगों से अपील की है कि घर के कचरा को डस्टबिन में डालें न नली में फेंके।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भखारा क्षेत्र में दिखे राजस्थानी जहाज

**अंवरी।** इन दिनों क्षेत्र में राजस्थानी लोगों का झुंड देखने को मिल रहा है। राजस्थानी ऊंट, घोड़े और दैनिक जरूरतों की वस्तुएं लेकर बसावट के लिए उचित स्थान की फिराक में इधर-उधर घूमते नजर आ रहे हैं। शनिवार को राजस्थानी लोग भखारा क्षेत्र में दिखे जो आकर्षण का केंद्र रहे।

### सेजेस के भाषा समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**दुर्गुकोंदल।** पीएम श्री सेजेस विद्यालय दुर्गुकोंदल में 18 से 23 मई तक छह दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को देश की भाषाई विरासत और संवाद कौशल से परिचित कराना था। इस शानदार समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम खुंटगांव के सरपंच और अध्यक्ष के रूप में दुर्गुकोंदल के सरपंच शामिल हुए, जिनकी उपस्थिति में कार्यक्रम बेहद उत्साहपूर्ण रहा। छह दिनों के इस विशेष शिविर में छात्र-छात्राओं को हिंदी और संस्कृत सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं के महत्व, उनके इतिहास तथा सांस्कृतिक योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता को बढ़ावा देने के लिए कैंप के दौरान भाषा आधारित खेल, प्रश्नोत्तरी, समूह चर्चा, भाषण और सुंदर गीतों जैसी कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। समारोह के अंतिम दिन बच्चों ने मनमोहक और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वहां मौजूद सभी अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया और अपनी अनूठी प्रतिभा का परिचय दिया।

### जनजाति सांस्कृतिक समागम में बस्तर के आदिवासी हुए शामिल

**जगदलपुर।** देश के अनेक राज्यों के अलावा नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश व पाकिस्तान के सीमावर्ती जिलों के जनजातीय सदस्यों ने रामलीला मैदान दिल्ली में आवाज बुलंद की। जहां रविवार को पांच स्थानों से 3 बजे रैली निकली। लाल किला मैदान में लाखों की संख्या में आदिवासी एकत्रित हुए। आदिवासी समाज के आमसभा को मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सत्येन्द्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम, गणेश राम भगत राष्ट्रीय संयोजक जनजातीय सुरक्षा मंच एवं अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। जहां बड़ी संख्या में बस्तर संभाग के सभी 7 जिले से पहुंचे आदिवासी शामिल हुए।

# सिहावा में अक्टूबर में होगा राजमानस संघ का वार्षिक अधिवेशन

## कार्यकारिणी बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

श्री राजमानस संघ छत्तीसगढ़ की कार्यकारिणी बैठक सत्संग भवन गोकुलपुर में हुई संघ के सचिव डॉ. जेएल देवांगन ने महत्वपूर्ण एजेंडों को राम भक्तों के बीच रखा। राज मानस संघ के सदस्य एवं पदाधिकारी गणों का अन्य संगठन में सहभागिता न निभाने, संघ का वार्षिक सम्मेलन 2026 के आयोजन, धर्मांतरण, नशा मुक्ति ,गौ संरक्षण पर शासन स्तर पर ज्ञापन देने एवं मानस मंथन शिविर के आयोजन के संबंध में परिचर्चा हेतु प्रस्ताव रखा। संघ अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में संगठन की एकता, भाईचारा एवं वसुधैव कुटुंबकम की भावना को बनाए रखने पर बल दिया। सर्वसम्मति से श्री राजमानस संघ का वार्षिक अधिवेशन शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में आगामी अक्टूबर 2026 में मनाने का निर्णय लिया गया। छग शासन द्वारा धर्मांतरण के संबंध में लिए गए निर्णय के लिए



मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को धन्यवाद पत्र प्रेषित करने के प्रस्ताव पर प्रवक्ता डॉ भूषणलाल चंद्राकर ने अपने विचार रखे। नशा मुक्ति एवं गौ रक्षा के संबंध में प्रदेश के मुखिया के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। नरेन्द्र साहू के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर शीतल पेय पिलाया गया। स्व. जगन्नाथ साहू, स्व. श्रीमती जानकी सिन्हा एवं स्व. कन्हैया लाल साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में संरक्षक खूबलाल साहू, सियाराम साहू, अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष योगेश्वर साहू, महेंद्र साहू, सुरेश देवांगन, गुरूशरण साहू, दिलीप देवांगन, दयाराम साहू, दुष्यंत पटेल, पूरण भेसले, दानीराम साहू, प्रवक्ता डॉ. भूषण चन्द्राकर, एनआर यादव, सलाहकार दाऊलाल गजपाल, राजाराम साहू, चन्द्रभान यादव, बीएस कश्यप, पं.योगेश्वर उपाध्याय, गयाराम साहू, रुपसिंग साहू, चिरंजीव हिरवानी, फलेश साहू, रेशमी साहू, संतोषी साहू,

## भिंडी 30, करेला 60, भटा 20, लौकी 10-20, टमाटर 20 रूपये किलो

# हरी सब्जियों के दाम घटे, मिली राहत

**इतवारी बाजार अपडेट**

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

भीषण गर्मी के बावजूद बाजार में हरी सब्जियों के दाम में गिरावट आने से आम लोगों को राहत मिली है। विशेषकर गृहिणियों ने बजट के भीतर सब्जियां मिलने पर खुशी जताई है। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच सब्जियां सस्ती होने से रसोई का खर्च कुछ कम हुआ है।

स्थानीय बाजारों में भिंडी, लौकी, तोरई, करेला, पालक, गोभी, टमाटर सहित अन्य हरी सब्जियां अपेक्षाकृत सस्ते दाम पर बिक रही हैं। इससे रोजमर्रा की खरीदारी करने वाली महिलाओं को काफी सहूलियत मिल रही है। कई महिलाओं ने बताया कि पहले जहां सब्जियों के दाम अधिक होने से घरेलू बजट बिगड़ जाता था, वहीं अब कम कीमत में पर्याप्त सब्जियां मिल रही हैं।



व्यापारियों के अनुसार गर्मी के मौसम में सब्जियों की आवक अच्छी होने और स्थानीय उत्पादन बढ़ने से कीमतों में गिरावट आई है। साथ ही मांग और आपूर्ति के संतुलन ने भी दामों को नियंत्रित किया है। इसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं को मिल रहा है।

महिलाओं का कहना है कि सस्ती सब्जियों से घर का बजट संतुलित हुआ है और रोजाना ताजी हरी सब्जियां खरीदना आसान हो गया है। वहीं रसोई में विविधता भी बढ़ी है। उपभोक्ताओं ने उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह सब्जियों के दाम स्थिर और किफायती बने रहें।

इतवारी बाजार में सब्जी विक्रेता तरुण सोनकर और केशु सोनकर ने बताया कि आवक अच्छी होने के कारण हरी सब्जियां सस्ते दाम पर बिक रही हैं। वर्तमान में भिंडी 30 किलो, करेला 60 किलो, भटा 20 किलो, लौकी 10-20 किलो, टमाटर 20 किलो, गोभी 40 किलो, मुनगा 80 किलो, हरा मिर्च 100 किलो और मूली 20 किलो तक बिक रही है। अन्य सब्जियों जैसे परवल, शिमला मिर्च, कद्दू, तोरी, बरबट्टी आदि भी किफायती दामों पर उपलब्ध हैं।

इसी तरह किराना बाजार में आलू 15 किलो और प्याज 25 किलो बिक रहा है। शक्कर 45, गुड़ 55, सरसों तेल 90 किलो, मूंग दाल 100 किलो, मसूर दाल 90 किलो, अरहर दाल 120 किलो और अन्य दालें भी स्थिर दाम पर उपलब्ध हैं। अंडा 75 प्रति दर्जन रहा।

स्थानीय उपभोक्ताओं ने कहा कि सब्जियों और आवश्यक वस्तुओं के दाम में आई स्थिरता से राहत मिली है और घरेलू बजट में संतुलन बना है।

# सर्वहित का चिंतन करने वाला ही सच्चा राजनीतिज्ञ : झम्मन शास्त्री



■ हवन पूजन, शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

पुरुषोत्तम मास की पावन बेला में श्रीहरि धाम हिताश्रम वृंदावन धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव का समापन हवन पूजन, पूर्णाहूति एवं भव्य शोभायात्रा के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ के गौरव व्याख्यान दिवाकर आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री के सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में भाटापारा सहित छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई।

समापन दिवस पर कथा वाचन के दौरान आचार्य झम्मन शास्त्री ने धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से समाज को प्रेरणादायी संदेश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वहित का चिंतन करने वाला ही सच्चा राजनीतिज्ञ होता है, लेकिन वर्तमान समय में राजनीति दूषित होती जा रही है। उन्होंने संस्कार, मर्यादा और धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अच्छे संस्कार देने की आवश्यकता बताई। कथा के उपरांत भागवत भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन एवं जयकारों के साथ शामिल हुए। महोत्सव के समापन पर लता शर्मा, चन्द्रकांता शर्मा, अखिलेश शर्मा, तारिणी शर्मा, अरविंद शर्मा एवं धनेश्वरी शर्मा सहित आयोजक परिवार ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अटंग में विकास कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏩सिर्री

ग्राम अटंग में विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा से अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत 5000 वर्ग फीट कांक्रीटीकरण के लिए 3.60 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। यह कार्य अमृतपुर मोहल्ले के रंगमंच के सामने किया जा रहा है। 21 मई को सुबह 9 बजे स्वीकृत कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य उर्वशी बांधेकर शामिल हुईं। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत चेलक, उपसरपंच कोमल प्रसाद शुक्ला, पंचगण कुंदन चंद्राकर, रुद्रनाथ साहू, सौहाद्र, भगवन्तीन, बीरसिंह साहू, गजेन्द्र साहू व सियाराम पटेल समेत अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# डांडेसरा के आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ न्योता भोज



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में दीप्ति ध्रुव के जन्मदिन पर पिता युगल किशोर ध्रुव एवं मां भुनेश्वरी ध्रुव द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को न्योता भोज में लड्डू, तिली लड्डू, मिक्चर, बालूशाही एवं खीर-पूड़ी परोसी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती लहरे, सहायिका दीक्षा सोनवानी, नेहरू लाल ध्रुव, टिकेश्वर साहू, डागेश्वरी ध्रुव, मोनिका साहू, भामा साहू, दुर्गा साहू आदि उपस्थित थे।

# फिजूलखर्ची रोकने, नशामुक्ति, उन्नत खेती और पर्यावरण संरक्षण पर जोर

■ बैठक में प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, कर्मा बैंक स्थापना की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा की बैठक मां कर्मा माता की पूजा-अर्चना के साथ कुंजलाल साहू के सभापतित्व में प्रारंभ हुई। बैठक में जिला साहू समाज के अध्यक्ष गणेश साहू, महासचिव विजय साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डां गणेश साहू, गजानंद साहू, तहसील अध्यक्ष चिरौंजी लाल साहू, सहसचिव डुमनलाल साहू सहित समाजजन उपस्थित थे।

बैठक में डां. गणेश साहू ने जिले में संचालित समर कैंप की जानकारी देते हुए उसकी सफलता पर प्रकाश डाला। विजय साहू ने सगाई, बाराती तथा चौथिया जैसे सामाजिक आयोजनों में अधिक भीड़ और



फिजूलखर्च से बचने की अपील करते हुए सामाजिक नियमावली से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष गणेश साहू ने शिक्षा को महादान बताते हुए युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने, नशापान से दूर रहने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की बात कही। अंतर्जातीय विवाह रोकने की भी अपील की।

चिरौंजीलाल साहू ने प्रगतिशील समाज के निर्माण हेतु उन्नत खेती अपनाने पर जोर दिया। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष तरुण कुमार साहू ने अठारह गांवों के लिए कर्मा बैंक की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की सलाह दी।

कार्यक्रम में दसवीं और बारहवीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, श्रीफल और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। घनश्याम सिंह साहू ने छात्राओं की उल्लेखनीय सफलता की सराहना की। कोषाध्यक्ष गुलाब साहू ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। सामाजिक आवेदनों का निराकरण उपाध्यक्ष पन्नालाल साहू द्वारा किया गया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष हंसराज साहू सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे। मंच संचालन मोतीलाल साहू ने किया।

# खाद संकट से जूझ रहे किसान नियमों के बीच व्यापारियों की चांदी

■ सहकारी समितियों में सीमित खाद वितरण से बढ़ी परेशानी, व्यापारी किसानों से वसूल रहे दोगुनी कीमत

हरिभूमि न्यूज ⏩कोर्रा(भखारा)

सरकार द्वारा किसानों के लिए रोज नित नए-नए नियम बनाए जा रहे हैं। खाद दवाई को लेकर इस बार सत्तासीन सरकार ने कुछ ऐसे नियम बना दिए जिससे किसान बहुत परेशान हैं और व्यापारी मालामाल हो रहे हैं।

मौसम के मिजाज को देखते हुए किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। खाद और बीज के लिए चक्कर लगा रहे हैं। मगर सरकार ने ऐसे नियम बना दिए हैं कि किसान परेशान हैं। सहकारी समिति में किसानों द्वारा ऋण पुस्तिका दिखाने पर एक-एक बोरी यूरिया डीपी राखड़ खाद दी जा रही है जो छोटे किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है तो 5, 10, 20 एकड़ वाले किसान एक-एक बोरी खाद लेकर क्या करेंगे। सहकारी समिति द्वारा यूरिया 267 रुपए बोरी, डीएपी 1843 रूपए में दिया जा रहा है। सरकार द्वारा एक एक बोरी यूरिया डीपी दिया जा रहा है। यह ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है। किसान खाद के लिए व्यापारियों के पास जा रहे हैं तो व्यापारी द्वारा ऋण पुस्तिका मांगा जा रही है। ऋण पुस्तिका दिखाने पर ही बिल काटकर खाद दी जा रही है। बिल में सरकार के द्वारा निर्धारित खाद का मूल्य लिख रहे हैं और खाद का मूल्य दोगुना ले रहे हैं।

### सेनचुवा में हुआ पौधरोपण

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर ग्राम सेनचुवा में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नये पौधों की तैयारी में जुटे टोकेश्वर नेताम ने अपनी नर्सरी में विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों का संकलन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। टोकेश्वर नेताम लगातार जनजागरूकता की पहल करते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता बचाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानवता को सुरक्षित रखने के लिए जैव विविधता का संरक्षण और प्रकृति के नियमों का पालन करना आवश्यक है, जो मानवीय समझ और जिम्मेदारी को दर्शाता है।

# जीवन को सार्थक बनाने का करें प्रयास : भव्य मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में विराजमान जैन संतों के सान्निध्य में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी है।

प्रवचन के दौरान भव्य मुनि जी महाराज साहेब ने कहा कि आज मनुष्य संसार में सुख खोज रहा है, जबकि वास्तविक सुख धर्म और त्याग में है। उन्होंने कहा कि लोग परिवार और धन के लिए जीवनभर प्रयास करते हैं, लेकिन आत्मा और धर्म के कल्याण के बारे में बहुत कम सोचते हैं। धर्म को केवल क्रिया नहीं, बल्कि जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दान, शील, तप और भाव धर्म के प्रमुख स्वरूप हैं तथा धर्म कार्य में विलंब करना उचित नहीं है। ज्ञानीजन हमेशा जिनशासन की प्रभावना के लिए तत्पर रहते हैं और मानव जीवन को सार्थक बनाने का संदेश देते हैं। इसी क्रम में परम पूज्य वीरभद्र मुनि गणी जी के 144 उपवास की तपस्या निमित्त श्री जैन युवा मंडल द्वारा त्रिदिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सड़क, पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं के मुद्दों पर चर्चा

# भूपेश बघेल से मिले कांग्रेस नेता, क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिले के कांग्रेस नेताओं एवं पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए शासन-प्रशासन के समक्ष इन मुद्दों को रखकर त्वरित समाधान कराने का आग्रह किया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष



लकेश्वर साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, जिला कांग्रेस महामंत्री डीहूराम साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस भखारा राजू साहू, नगर पंचायत भखारा के नेता प्रतिपक्ष उमेंद्र साहू, बिट्टू गौर तथा पूर्व सरपंच बगदेही रामचंद्र साहू सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

नेताओं ने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ किसानों, युवाओं एवं ग्रामीण जनता से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आम लोगों को विभिन्न योजनाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए और विकास कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है।

मुलाकात के दौरान कांग्रेस संगठन की मजबूती एवं आगामी आम चुनाव की तैयारियों को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट:- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020